### एक नजर में

## जिले में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत स्कूलों में आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियां



**मंदसौर।** हर घर तिरंगा-हर, घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत जिले के स्कूलों में तिरंगा रैली, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं व्याख्यान पर कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान जिले के स्कूल के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जानकारी दी गई। स्कूलों में एनसीसी और एनएसएस यूनिट के माध्यम से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। तिरंगा पर केन्द्रित बच्चों की रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय ध्वज एवं इसके इतिहास पर स्कूलों में व्याख्यान के विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। विद्यार्थियों द्वारा तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे www.harghartiranga.com वेबसाइट पर अपलोड भी किया जा रहा है। हर घर में स्वच्छता अपनाना, गांव को कचरा मुक्त बनाना, स्वस्थ और सुंदर वातावरण बनाना, देशभक्ति और एकता का संदेश फैलाना, स्वच्छ गांव - स्वस्थ भारत - हमारा का संकल्प भी दिलाया गया।

## अभियान प्रदर्शनी 15 अगस्त तक चलेगी

**मंदसौर।** म.प्र.खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत मन्दसौर प्रबंधक दिनेश कुमार रैकवार द्वारा बताया गया कि हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत 78 वां स्वतंत्रता दिवस पर म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा कम्बल केन्द्र, नई आबादी मन्दसौर में खादी स्वतंत्रता उत्सव अभियान प्रदर्शनी का आयोजन 15 अगस्त 2025 तक किया जा रहा हैं। प्रदर्शनी में स्व-सहायता / समूह द्वारा निर्मित उत्पादों तिरंगा थीम वाली वस्तुओं (खाद्य / वस्त्र / श्रंगार सामग्री) की बिक्री पर केन्द्रित मेले का आयोजन के साथ मेले में तिरंगा प्रदर्शनी व हर घर तिरंगा की सेल्फी बुथ का प्रदर्शन एवं ब्राण्डिंग का आयोजन भी किया गया है। हर घर तिरंगा / सभी साईज में राष्ट्रीय ध्वज के बिक्री केन्द्र का भी स्टाल लगाया गया हैं। जिसमें शासकीय विभागों के कार्यालयों में फहराये जाने वाले ध्वज भी उपलब्ध है। प्रदर्शनी समय प्रात: 11 बजे से रात्रि 08 बजे तक है।

## जिले में 1 हजार स्कूलों को तम्बाकू मुक्त किए जाएंगे

**मंदसौर।** जिला स्तरीय समन्वय समिति और विभाग प्रमुखों की तम्बाकू नियंत्रण कार्यशाला का आयोजन सुशासन भवन में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने की, जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रमों को प्रभावी बनाना और तम्बाकू मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना था। इस दौरान डॉ. लेखा तंवर, जिला नोडल अधिकारी (एनटीपीसी) ने तम्बाकू नियंत्रण की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जन जागरूकता बढ़ाने के लिए सामुदायिक स्तर पर लगातार गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, अनुकूल जैन ने तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों पर प्रवर्तन कार्यवाही और प्रवर्तन अधिकारियों की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर काम करने का आह्वान किया, ताकि मंदसौर को तम्बाकू मुक्त जिला बनाया जा सके।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग को ट्राईसाइकिल प्रदान की

▶ ट्राईसाईकिल के माध्यम से कल्लन खां को मिलेगी परेशानियों से निजात



नवभारत न्यूज

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग ने जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग शाहिद कल्लन खां को तुरंत ट्राईसाईकिल प्रदान की। ये अस्थि बाधित दिव्यांग है, जिनको चलने, फिरने, घूमने में दिव्यांग होने का कारण बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था।**

शाहिद कल्लन खां द्वारा अखबार वितरण किया जाता है, इन्हे ट्राई साइकिल की बहुत जरूरत थी। ट्राईसाईकिल के बिना इनको बहुत परेशानियों का सामना उठाना पड़ता था। लेकिन अब इन सभी परेशानियों से निजात मिलेगी। शाहिद कल्लन खां मंदसौर शहर के नयापुरा के रहने वाले है। शाहिद कल्लन खां ने पिछले मंगलवार जनसुनवाई में ट्राई साइकिल के लिए आवेदन दिया था। जिस पर कलेक्टर महोदया ने तुरंत संज्ञान में लेकर सामाजिक न्याय विभाग को निर्देशित किया है कि उक्त व्यक्ति के लिए ट्राई साइकिल की व्यवस्था करें।

> जिस पर सामाजिक न्याय विभाग ने मामले को समझकर तुरंत ट्राई साइकिल की व्यवस्था की। उत्त ट्राईसाईकिल सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से दिव्यांग व्यक्ति को प्रदान की गई। इस दौरान सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी उपसंचालक श्रीमती देव कुंवर सोलंकी मौजूद थे।

## आज नगरपालिका की तिरंगा यात्रा निकलेगी

नवभारत न्यूज

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि आज दिनांक 13 अगस्त बुधवार को दोपहर 3-30 बजे गांधी चौराहा से नगर पालिका परिषद के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी यह तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर पुन: नगर पालिका कार्यालय के सामने गांधी चौराहा पर विराम होगी, मंदसौर के गणमान्य नागरिकों से नगरपालिका परिषद आग्रह करती है कि वह इस तिरंगा यात्रा में शामिल होवे, हम यह आशय की अपील नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता चावला नगर पालिका सभापतिगण सत्यनारायण भाभी, निलेश जैन, रमेश ग्वाला, निर्मला चंदवानी, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, कौशल्या बंधवार, श्रीमती शान्ति देवी दिनेश फरक्या ने की है।



## सड़क निर्माण विभाग सड़कों पर इंडिकेटर एवं साइनेज लगाएं : कलेक्टर

▶ साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

**मंदसौर। कलेक्टर गर्ग ने जनसुनवाई के पश्चात साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक कर सड़क निर्माण विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि, जिन सड़कों पर कार्य चल रहे हैं, उन पर इंडिकेटर एवं साइनेज लगवाएं, नहीं लगने पर पेनल्टी की कार्यवाही की जाएगी।** पोषण पुनर्वास केंद्रों में कुपोषित बच्चों का इलाज करें। जितने भी कुपोषित बच्चे हैं उनको केंद्र में भर्ती करें, एक भी पलग खाली न रहे। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग समन्वय करके बैठक आयोजित करें। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करें एवं हर विभाग इसके अंतर्गत गतिविधि आयोजित करें। स्वास्थ विभाग के जननी सुरक्षा योजना एवं सभी सीईओ प्रसूति सहायता योजना के भुगतान हेतु लम्बित ई केवाईसी, एवं डीबीटी समग्र से किये जाने हेतु कार्य 03 दिवस में पूर्ण करें।

बैठक के दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित जिलाधिकारी मौजूद थे।

## एड्स जागरूकता रेली को नपा अध्यक्ष ने हरि झंडी दिखा कर रवाना किया

**मंदसौर।** जिला एड्स नियंत्रण समिति के नोडल अधिकारी डॉ.निशांत शर्मा द्वारा बताया गया कि एच.आई.वी./एड्स के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु 12 अक्टूबर 25 तक सघन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। 12 अगस्त अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रैली निकाल कर अभियान का शुभारंभ जिला। चिकित्सालय परिसर से किया गया। शुभारंभ के अवसर पर अतिथी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं शासकीय मेडिकल कालेज डीन डॉ. शशि गॉधी द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिला एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण इकाई मन्दसौर के माध्यम से दो माह एच.आई.वी./एड्स एवं एस.टी.आई संक्रमण हेतु लक्षित समूह 15 से 49 आयुवर्ग के जन सामान्य को जागरूक किया जायेगा। जिममें एच.आई.वी. संक्रमण के कारण, बचाव के तरीके एवं उपचार व यौन रोगो इत्यादि के विषय में जानकारी दी जायेगी।




## ग्राम पंचायत संधारा में तिरंगा यात्रा एवं स्वच्छता जागरूकता रैली

**संधारा। मंगलवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संधारा की छात्राओं द्वारा ﬁघर-घर तिरंगा, घर-घर स्वच्छताﬁ अभियान के तहत तिरंगा यात्रा एवं स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। यह आयोजन आज़ादी के अमृत महोत्सव एवं साप्ताहिक स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत हुआ।**

रैली को ग्राम पंचायत संधारा के सरपंच चांदमल पाटीदार, उपसरपंच प्रतिनिधि ईश्वर गुर्जर, पूर्व उपसरपंच मनोहर पाटीदार एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। छात्राओं ने तिरंगे झंडों और स्वनिर्मित तख्तियों पर लिखे स्वच्छता के संदेशों के साथ गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए रैली निकाली और जोशीले नारों से स्वतंत्रता एवं स्वच्छता का संदेश दिया। रैली में स्वच्छता शपथ एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। छात्राओं ने ग्रामवासियों से इस वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वच्छता का उत्सव मनाने का आह्वान किया।

**एक नजर** — उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले की ग्राम पंचायत सेमली कंकड़ ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया

## पंचायत विकास सूचकांक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली पंचायतें सम्मानित




**मंदसौर। पंचायत उन्नति सूचकांक (*PAI* 1.0) वर्ष 2022-23 का विमोचन एवं प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में मंदसौर जिला पंचायत में किया गया।** कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुकूल जैन एवं अति मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर पी सिंह पंवार की मौजुद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पंचायत एवं जिला विकास सूचकांक के 9 विषयों पर जिले की अलग-अलग ग्राम पंचायतों का चयन किया गया। जिसमें सशक्त पंचायत सतत् विकास की अवधारणा के साथ पंचायतों को सशक्त बनाने, उनके कामकाज को पारदर्शी और कुशल बनाने के किए गए कार्य के आधार पर जिले की ग्राम पंचायत को पंचायत विकास सूचकांक (ख्रु 1.0) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मंदसौर जिले की ग्राम पंचायत सेमली कंकड़ प्रथम पुरस्कार राशि 11 हजार रुपये, ग्राम पंचायत भरतपुरा द्वितीय पुरस्कार राशि 7 हजार 100 रुपये, ग्राम पंचायत खजुरी गौड़ तृतीय पुरस्कार राशि 5 हजार 100 रुपये एवं बाकी सात ग्राम पंचायतों जैसे हरसोल, सेमली, सांडा अरनिया जटिया, लेडी कला, ऐरा एवं अजयपुर को राशि 2 हजार 100 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही अन्य 10 चयनित ग्राम पंचायत जग्गाखेड़ी (नाहरगढ़), बोरदा, लिम्बवास,ओसारा, बाजखेड़ी, कोहला, धंधेडा, लौटखेड़ी, कोटड़ा बहादुर एवं निमथुर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए एवं सभी का टीएमपी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया।

# इंदौर


### एक नजर में

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया 144वाँ संस्थापक दिवस



इंदौर. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संस्थापक सोराबजी पोचखानावाला की 144 वीं जन्मतिथि के उपलक्ष्य में इंदौर क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर इव समस्त शाखाओं में कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया. समारोह में क्षेत्रीय प्रमुख आर.के. सिंह, सहायक महाप्रबंधक निशांत रंजन और बैंक के अधिकारीगण उपस्थित रहे. इस अवसर पर श्री आर. के. सिंह ने कहा, सर सोराबजी ने जिस स्वदेशी बैंक की नींव 1911 में रखी थी, वह आज देश की आर्थिक रीढ़ बन चुका है. हमारा प्रयास है कि हम उनके आदर्शों को आगे बढ़ाएँ. संस्थान के प्रति कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और ग्राहकों की निरंतर सहभागिता के कारण सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आने वाले समय में भी अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## स्वस्थ दंत मुख अभियान का शुभारंभ



**इंदौर.** रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल ने हर्षोल्लास के साथ स्वस्थ दंत मुख अभियान का शुभारंभ किया. मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग परिसर में शुरू हुए इस अभियान में क्लब अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल, सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे, लोक सेवा आयोग की सचिव राखी सहाय विशेष रूप से उपस्थित थी. इस मौके पर डॉ. दिल्लीवाल के कुशल मार्गदर्शन में शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के दंत चिकित्सको द्वारा आयोग के सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों का निशुल्क दंत परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया. परीक्षण चलित मोबाइल दंत क्लीनिक में किया गया. इस अवसर पर प्रदेश के ख़्यात दंत चिकित्सक एवं क्लब अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र दिल्लीवाल ने कहा कि आज मुख के रोगों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है. खान-पान की ग़लत आदतों से लेकर फास्ट फूड संस्कृति ने बड़े से लेकर छोटे उम्र के बच्चो तक को मुंह के रोगों से जकड रखा हैं. बदलती जीवनशैली के कारण मुख कैंसर के रोगी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं. तंबाकू,पान मसाला और नशे की सामग्री ने इसमें बेतहाशा वृद्धि की है. जीवन अनमोल है, इसे सुखमय और निरोगी बनाइये. आभार रोटरी क्लब इंदौर के सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे ने माना.

## भदोरा इंडस्ट्रीज़ की स्टॉक एक्सचेंज पर मजबूत शुरुआत

**इंदौर.** मध्य प्रदेश के सबसे बड़े केबल निर्माताओं में से एक, भदोरा इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने आज अपने 55.60 करोड़ रुपए के पूर्ण रूप से सब्सक्राइब्ड प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के बाद सफल लिस्टिंग के साथ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया. लिस्टिंग समारोह शेराटन ग्रैंड, इंदौर में कंपनी के प्रमोटर्स, उद्योग जगत के अग्रणी और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया. अनिल भदोरा, प्रदीप भदोरा और शशांक भदोरा द्वारा स्थापित और संचालित यह कंपनी अपने प्रमुख ब्रांड विद्युत केबल्स के तहत उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक केबलों के निर्माण के लिए जानी जाती है, जो बीआईएस और अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरती है.

# बीआरटीएस तोड़ने की राशि को लेकर निगम का आखिरी प्रयास

## 21 बस स्टॉप और बीच की रेलिंग के साथ सीसीटीवी कैमरे भी हटेंगे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. बीआरटीएस सड़क की बस लेन हटाने को लेकर नगर निगम ने आखरी प्रयास के लेकर टेंडर जारी किया है. इसकी वजह यह है कि टेंडर में निगम द्वारा तय राशि 3.50 करोड़ रुपए की जगह तोड़ने वाली एजेंसी ने 1.5 का टेंडर भरा था, जिसको निगम ने निरस्त कर दिया.**



बीआरटीएस तोड़ने के लिए निगम ने कई बार टेंडर जारी किए, लेकिन ज्यादा राशि भरने वाली एजेंसियों ने जीएसटी छूट की मांग की, जो निगन ने निरस्त कर दी थी। अब अंतिम प्रयास में किसी ने तय राशि के आसपास टेंडर भरा तो ठीक है, अन्यथा निगम बीआरटीएस तोड़ने की कार्रवाई करेगा. मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा भोपाल में पिछले साल बीआरटीएस तोड़ने के निर्देश दिए थे. इसके बाद इंदौर में भी मांग उठी और मुख्यमंत्री ने स्थानीय महापौर और विधायक की मांग पर छह महीने से ज्यादा समय पहले बीआरटीएस तोड़ने के आदेश दे दिए थे. हाईकोर्ट में याचिका दायर नहीं हो, इसलिए महापौर ने नेहरू स्टेडियम के वहां कुछ हिस्से की रैलिंग तुड़वा दी थी. इसके बाद नगर निगम द्वारा बीआरटीएस सड़क पर से सिटी बस लेन और रैलिंग तोड़ने के कई बार टेंडर जारी किए गए. इसके बाद टेंडर में कुछ न कुछ कमियां या फिर ठेकेदार कंपनी द्वारा शर्त रखी गई. बीआरटीएस तोड़ने का मामला तय नहीं हो पाया.

**नहीं तो नगर निगम खुद तोड़ेगा: राठौर**- इस मामले में जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि निगम ने बीआरटीएस सड़क तोड़ने 3.5 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की है. ठेकेदार कंपनी ने 1.5 की राशि भरी है, जो नामंजूर कर दी गई है. अब आखरी प्रयास है, नहीं तो नगर निगम ही बीआरटीएस तोड़ने की कारवाई करेगा.

**बीआरटीएस पर 21 बस स्टॉप और 22 किलोमीटर लंबी रैलिंग** -बीआरटीएस सड़क वैसे तो 295 करोड़ रुपए में बनी थी। यह सड़क आईडीए ने जेएनयूआरएम योजनाएं बनाई थी. उक्त सड़क पर एक तरफ करीब 11 किलोमीटर और दूसरी तरफ भी 11 किलोमीटर लंबी लोहे की रैलिंग लगी है. वहीं सैंकड़ों की संख्या में विज्ञापन बोर्ड है, जिसको लेकर घोटाला भी सामने आया था. बीआरटीएस सड़क पर करीब 21 बस स्टॉप है, जुड़ी आधुनिक सेंसर, इलेक्ट्रोनिक डिसप्ले स्क्रीन और बोर्ड के साथ सीसीटीवी कैमरे लगे हैं. सभी बस स्टॉप पर बड़ी मात्रा में हेवी एल्यूमिनियम और स्टील का काम भी किया गया है. सूत्रों के अनुसार बीआरटीएस के एक बस स्टॉप पर उस समय 8 से 12 लाख रुपए निर्माण लागत आई थी. देखा जाए तो बीआरटीएस सड़क पर सरकार का खूब खर्चा हुआ था. समझा जा सकता है कि निगम क्या कर रहा है.

### बीआरटीएस सड़क नहीं टूटने में जीएसटी बड़ा कारण

नगर निगम ने बीआरटीएस सड़क तोड़ने के टेंडर बुलाए थे. सूत्रों के अनुसार पहले एक कंपनी ने 4.30 करोड़ का टेंडर भरा, लेकिन साथ में 18 जीएसटी भुगतान की शर्त से बाहर हो गई. दूसरी बार फिर एक कंपनी ने 4.40 करोड़ रुपए में तोड़ने का टेंडर भरा था, लेकिन जीएसटी राशि का भुगतान निगम से करने के मांग की थी. निगम ने उक्त ठेकेदार की जीएसटी शर्त को मानने से इंकार कर दिया. निगम द्वारा बीआरटीएस सड़क के 11 किलोमीटर एरिया में एक साथ तोड़ने के बजाय तीन चार चरणों में तोड़ने और उस हिसाब से भुगतान करने की शर्त भी रखी है, जिसके कारण भी कोई कंपनी टेंडर भाग नहीं ले रही है.

## संभागायुक्त ने पार्षद को जारी किया कारण बताओ सूचना पत्र

### *25 अगस्त तक जवान देने का आदेश*

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज संभागायुक्त ने निगम के वार्ड पार्षद को पद से हटाने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है. 25 अगस्त को संभागायुक्त न्यायलय में पार्षद को स्वयं उपाथित होकर जवाब प्रस्तुत करने का कहा है. पार्षद द्वारा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर एक पक्षीय कारवाई की जाएगी.**

संभागायुक्त दीपक सिंह ने आज कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को पद से हटाने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दिया है. कादरी को सूचना पत्र में आयुक्त ने 25 अगस्त को सुबह 11 बजे स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से में दस्तावेजी सबूत तीन प्रतियों के साथ प्रस्तुत करने का कहा है. कादरी नगर निगम वार्ड क्रमांक 58 से कांग्रेस पार्षद है.

> संभागायुक्त सिंह द्वारा पार्षद कादरी को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में उल्लेख किया है कि आपके कृत्य से शहर में सद्भावना को ठेस पहुंची है, आपने शहर में साम्प्रदायिक वातावरण बिगाड़ने का कार्य किया है. उक्त कृत्य से क्यों ना आपके विरूद्ध मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 19 (1) (अ) में कारवाई की जाएं.

## हर घर तिरंगा कल, स्वच्छता अभियान के तहत निकलेगी रैली

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा एवं अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**इंदौर. शहर में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत लगातार विभिन्न गतिविधियां और कार्यक्रमों का आयोजन व्यापक स्तर पर हो रहा है. इसी के तहत इंदौर में 13 अगस्त को विशाल रैली निकाली जायेगी. इस रैली में समाज के हर वर्ग की भागीदारी रहेगी. जिले में क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सभी कार्यालय प्रमुख निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों के पोषण स्तर में सुधार आदि में मदद करेंगे.**



यह जानकारी आज कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण एवं अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में दी गई. बैठक में जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, अभियान तथा शासन के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई. बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी परियोजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर गौरव बैनल, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर. पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत 13 अगस्त को निकाली जाने वाली रैली की तैयारियों की समीक्षा की गई. बैठक में निर्देश दिए गए कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए. राज्य शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार 15 अगस्त तक लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायें. व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाये.

**हर वर्ग शामिल हो**-बैठक में बताया गया कि 13 अगस्त को विशाल रैली आयोजित होगी। इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी रहेगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने समाज के हर वर्ग से इस रैली में पूर्ण उत्साह और उमंग के साथ शामिल होने की अपील की है.